# भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, जिला शाखा फतेहाबाद

## द्वारा चलाए गए कार्यक्रम

## प्रगति रिपोर्ट वर्ष 2020–21 (01 अप्रैल, 2020 से 31 अगस्त, 2020)

1. जिला रैडक्रास सोसाईटी, फतेहाबाद को वर्ष 2020–21 के दौरान विभिन्न मदों से निम्नलिखित राशि प्राप्त हुई है :–

| Sr. No | Particulars | Amount |
|---|---|---|
| 1. | Share from Shamlat Land | 600000.00 |
| 2. | Share from HARIS Project | 486580.00 |
| 3. | Deed Scanning Project | 1108350.00 |
| 4. | Life Membership | 3000.00 |
| 5. | Donation | 108300.00 |
| 6. | Vice Patron | 24000.00 |

2. जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा दिनांक 01 अप्रैल, 2020 से 31 अगस्त, 2020 तक 25 स्वैच्छिक रक्तदान कैम्पों का आयोजन करवाकर कुल 1578 युनिट रक्त एकत्रित किया गया है ताकि जरूरतमंद मरीजों को रक्त के अभाव के कारण किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े और इस रक्त से किसी की जिन्दगी को बचाया जा सके। यह संस्था समय-2 पर रक्तदान बारे विस्तृत जानकारी देकर स्वैच्छिक रक्तदान कैम्पों का सफल आयोजन करती है।








रेडक्रास सोसायटी, फतेहाबाद
एन.सी.सी. तथा एन.एस.एस. इकाई राजकीय महाविद्यालय, भट्टू कलां
रक्तदान शिविर
में आपके पधारने पर आपका
हार्दिक अभिनंदन





3. माननीय महामहीम राज्यपाल श्री सत्य देव नारायण आर्य, अध्यक्ष भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ के कुशल मागदर्शन में भारतीय रैडक्रास सोसाईटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार इस संस्था द्वारा विश्व रैडक्रास दिवस (8 मई, 2020) कार्यालय जिला रैडक्रास सोसाईटी, फतेहाबाद में मनाया गया। इस आयोजन में कोविड–19 महामारी के दौरान कार्य करने वाली सामाजिक/धार्मिक संस्थाओं/ समाजसेवी व्यक्तियों को सम्मनित किया गया तथा रक्तदान शिविर व अन्य सामाजिक गतिविधियां की गईं।






4. इस संस्था की वर्ष 2020-21 की सब कमेटियों की बैठ्कों का आयोजन निम्न प्रकार से किया गया है :-

| क्र0सं0 | सब कमेटी विवरण | अध्यक्ष | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | Finance Committee तथा Disaster Mitigation Committee | श्री राजेश ख्यालिया, जिला राजस्व अधिकारी, फतेहाबाद। | 25.08.2020 |
| 2. | हैल्थ कमेटी | डा0 मुनीश बंसल, सिविल सर्जन, फतेहाबाद के द्वारा अधिकृत डा0 हनुमान सिंह, उप सिविल सर्जन, फतेहाबाद | 25.08.2020 |
| 3. | जे0आर0सी0/वाई0आर0सी0 कमेटी | श्री दयानन्द सिहाग, जिला शिक्षा अधिकारी, फतेहाबाद | 26.08.2020 |

5. इस संस्था द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार एलिम्को चनालोन मोहाली पंजाब के सहयोग से दिनांक 25.02.2020 को कार्यालय रैडक्रास सोसाईटी, फतेहाबाद, दिनांक 26.02.2020 को रतिया व दिनांक 27.02.2020 को टोहाना में दिव्यांग पैमाईश शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चिन्हीत कुल 302 दिव्यांगों को 1752 कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण मु0 29,12,214/–रू0 में उपलब्ध निम्न तिथियों अनुसार करवाए गए :–

| **दिनांक** | **स्थान** | **मुख्य अतिथि** |
|---|---|---|
| 11.08.2020 | पटवार भवन, फतेहाबाद। | डा0 नरहरि सिंह बांगड़ |
| 13.08.2020 | पटवार भवन, फतेहाबाद। | श्री दूड़ा राम, विधायक फतेहाबाद। |
| 14.08.2020 | नागरिक हस्पताल, टोहाना। | श्री देवेन्द्र बबली, विधायक टोहाना। |
| 16.08.2020 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रतिया। | श्री लक्ष्मण नापा, विधायक रतिया। |
| 19.08.2020 | पटवार भवन, फतेहाबाद। | श्रीमति सुनीता दुग्गल, एम0पी0 सिरसा। |


(रजि. न. 1845)
जिला फतेहाबाद
जिला रैडक्रास सोसाईटी, फतेहाबाद
पका हार्दिक स्वागत है







6. इस संस्था द्वारा उपायुक्त एवं प्रधान जिला रैडक्रास सोसाईटी के मार्गदर्शन में कोरोना वायरस कोविड–19 के दौरान लोगों को सुखा राशन, पक्का हुआ भोजन वितरण करने तथा सोशल डिस्टैंसी, मास्क वितरण, सैनिटाईजैशन आदि किया गया व आमजन को रैली निकालकर कोरोना महामारी से बचने के लिए जागरूकता अभियान किए गए।







OPPO F11 Pro


2020-3-26 15:11


2020-3-26 14:44


2020-3-26 14:05

**सर्वश्रेष्ठ सांध्य दैनिक 'हरियाणा की गूँज'**
**शुक्रवार, 10 अप्रैल 2020**



**फतेहाबाद:** कोरोना वायरस को लेकर शहर की स्लीम बस्तियों में जरुरमंदों को राशन वितरित करते हुए रामधारी, धर्मपाल, सुरेश, अनिल गर्ग व जिला रेडक्रॉस सोसाइटी से राकेश सिंगला व सचिव नरेश झाझड़ा ।








स्ट्रीट-मेल
वीरवार 2 अप्रैल, 2020

# रेडक्रॉस सोसायटी व सामाजिक संगठन कर रहे हैं खाने पीने इत्यादि की व्यवस्था

**फतेहाबादः** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष रवि प्रकाश गुप्ता के निर्देशानुसार जिला में गरीब परिवार, दिहाड़ीदार मजदूर, रिक्शा चालक, स्लम एरिया में रहने वाले लोगों तथा अस्थाई आश्रय स्थलों पर रहने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिले की विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से भोजन, मास्क व सैनिटाइजर इत्यादि वितरित किया जा रहा है। सोसायटी के सचिव नरेश कुमार ने बताया कि रेडक्रॉस के स्टाफ व स्वयंसेवकों द्वारा जरूरतमंदों तक राशन व खाना पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में पूर्णरूप से लॉकडाउन उपरान्त सभी प्रदेशों की सीमाएं सील कर दी गई है। ऐसे में फतेहाबाद जिला की सीमा भी सील कर दी गई है। रेडक्रॉस का स्टाफ व स्वयंसेवक जरूरतमंदों को राशन तथा पका हुआ भोजन वितरण के साथ-साथ प्रवासियों को अपने स्थान वर्तमान में जहां ठहरे हुए है, वहीं पर रूकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और लॉकडाउन के बारे में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

कोरोना वायरस : लॉकडाउन का आठवां दिन

# रेडक्रॉस सोसायटी ने बांटी जरुरतमंदों को खाद्य सामग्री

फतेहाबाद (सच कहूँ/विनोद शर्मा)।




"जरुरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित करते रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारीगण।"

रेडक्रॉस सोसायटी सचिव नरेश झांझड़ा, सहायक सचिव रामजी लाल ने संयुक्त रुप से कहा कि गरीब व जरुरतमंद व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर रक्त व खाद्य साम्रग्री की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उपायुक्त व जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष रवि प्रकाश गुप्ता के आदेशों की पालना में रेडक्रॉस का पूरा स्टाफ अपडेट है। उन्होंने धार्मिक-सामाजिक संगठनों से भी आग्रह किया कि वे अपनी इच्छा से खाद्य सामग्री कहीं भी वितरित ना करें। खाद्य सामग्री वितरित करने के लिए जिला के प्रशासनिक अधिकारियों व रेडक्रॉस सोसायटी के साथ घनिष्ठ तालमेल बनाकर उनसे संपर्क बनाए रखें। उन्होंने बताया कि स्लम एरिया, झुग्गी झोंपडी, शेल्टर हाउस, प्रवासी श्रमिकों के लिए जिला में बनाए गए विभिन्न स्थानों पर बनाए गए सेफ कैंप में रहने वाले गरीब व जरुरतमंद व्यक्तियों को खाद्य साम्रग्री, मास्क व सेनेटाइजर वितरित किए जा रहे है। भूना मोड, हंस कॉलोनी, विभिन्न वार्डों, रतिया में वार्डों, अनाज मंडी, टोहाना में विभिन्न वार्डों, रेलवे स्टेशन के नजदीक, स्थानीय पंचायत भवन, धांगड़ आदि विभिन्न प्रवासी श्रमिकों के लिए बनाए गए शेल्टर हॉम आदि जिले के विभिन्न स्थानों में नागरिकों को साबुन, सेनेटाइजर, मास्क, आटा, दाल, चावल, सरसों का तेल, चीनी, नमक मिर्च, भोजन व खाद्य सामग्री वितरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी सदैव जरुरतमंद व गरीब लोगों की मदद के लिए तैयार रहता है।

# कोरोना काल में बेहतर कार्य करने पर विधायक ने किया सम्मानित

जागरण संवाददाता, फतेहाबाद : विधायक दुड़ाराम ने शुक्रवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी को कोविड-19 के प्रति जागरूकता फैलाने एवं जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध करवाने के कार्यों के लिए सोसायटी के सचिव नरेश कुमार व सहायक सचिव रामजी लाल को सम्मानित किया। विधायक ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी की पूरी टीम को निष्पक्ष व निस्वार्थ भाव से मानव कल्याण कार्य के लिए बधाई देते कहा कि भविष्य में भी रेडक्रॉस इसी प्रकार मानव कल्याण के कार्य में अपनी सेवाएं देती रहेगी।



रेडक्रॉस संस्था के सचिव नरेश झाझड़ा (बाएं से दूसरे) को सम्मानित करते हुए विधायक दुड़ाराम व पटवारी अमरसिंह। ● विज्ञप्ति

विधायक ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया विश्व व्यापी महामारी कोरोना वायरस से जूझ रहा है। इस विपदा की घड़ी में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष रवि प्रकाश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में सोसायटी के अधिकारी, कर्मचारी, वॉलेंटियर तथा संस्थाएं सराहनीय कार्य कर रही है। रेडक्रॉस सोसायटी ने सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से जरूरतमंद, गरीब, बेसहारा, प्रवासी मजदूरों इत्यादि को भोजन उपलब्ध करवाया है। इसके अलावा सोसायटी ने जरूरतमंदों को फेस मास्क, सैनिटाइजर, हाथ के दस्ताने, दवा बांटना, रक्तदान शिविरों का आयोजन जैसे सराहनीय कार्य किए हैं। इस दौरान पटवारी अमर सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहे।

CS Scanned with CamScanner

सम्मान

विधायक लक्ष्मण नापा ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी की पूरी टीम को निष्पक्ष व निस्वार्थ भाव से मानव कल्याण कार्य के लिए दी बधाई

# कोविड-19 के प्रति जनता को जागरूक करने पर किया सम्मानित

संवाद सूत्र, रतिया : कोविड-19 के प्रति जागरूकता फैलाने एवं जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध करवाने के कार्यों के लिए विधायक एडवोकेट लक्ष्मण नापा ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव नरेश कुमार व सहायक सचिव रामजी लाल को सम्मानित किया। विधायक ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी की पूरी टीम को निष्पक्ष व निस्वार्थ भाव से मानव कल्याण कार्य के लिए बधाई दी और उत्साहित करते हुए कहा कि भविष्य में भी रेडक्रॉस इसी प्रकार मानव कल्याण के कार्य में अपनी सेवाएं देती रहेगी।



विधायक लक्ष्मण नापा रेडक्रॉस के सदस्यों को सम्मानित करते हुए। ● जागरण

विधायक एडवोकेट लक्ष्मण नापा ने कहा कि इस समय पूरी दुनिया विश्व व्यापी महामारी कोरोना वायरस से जूझ रहा है। इस विपदा की घड़ी में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष रवि प्रकाश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में सोसायटी के अधिकारी, कर्मचारी, वॉलेंटियर तथा संस्थाएं सराहनीय कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने कठोर परिश्रम एवं उल्लेखनीय कार्य कर फतेहाबाद शहर के साथ-साथ समस्त जिला के गांवों में आमजन को कोरोना वायरस महामारी के बचाव को लेकर जागरूकता अभियान से लोगों को प्रेरित किया है। रेडक्रॉस सोसायटी ने सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से जरूरतमंद, गरीब, बेसहारा, प्रवासी मजदूरों इत्यादि को भोजन उपलब्ध करवाया है।

## रेडक्रॉस सोसायटी को मिला कोरोना योद्धा सम्मान पत्र

जागरण संवाददाता, फतेहाबाद : उपायुक्त रवि प्रकाश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी को विश्व व्यापी महामारी कोरोना वायरस में समाज सेवा करने पर कोरोना योद्धा का सम्मान पत्र मिला। मंगलवार को स्माईल बीट्स वेलफेयर सोसायटी ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी को कोविड-19 के प्रति जागरूकता एवं राहत कार्यों के लिए सोसायटी के सचिव नरेश कुमार व सहायक सचिव रामजी लाल को यह सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष रवि प्रकाश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं रेडक्रॉस स्वयंसेवकों के कठोर परिश्रम कर लोगों को कोविड-19 के बचाव बारे जागरूक व प्रेरित किया गया है। जिला में आमजन को कोरोना वायरस महामारी के बचाव व इसके संक्रमण को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत रक्त की पूर्ति के लिए रक्तदान शिविरों का आयोजन, जरूरतमंदों को भोजन, फेस मास्क, सैनिटाइजर, दवाइयां आदि वितरित की जा रही है।



समाजसेवी संस्था के सदस्य रेडक्रॉस सदस्यों को सम्मानित करते हुए। ● जागरण

Scanned with CamScanner

इस संस्था द्वारा दिनांक 15.07.2020 को जिला फतेहाबाद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला फतेहाबाद की विभिन्न संस्थाओं व व्यक्तियों द्वारा लगभग 21000 पौधे लगाए गए तथा इस संस्था में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी कार्यालय प्रांगण में लगभग 200 पौधे लगाए गए तथा उनकी देख–रेख का जिम्मा उठाया गया।






# सैंट जॉहन एम्बुलैंस (भारत) जिला शाखा, फतेहाबाद

1. सैंट जॉहन एम्बुलैंस (भारत) जिला शाखा, फतेहाबाद को वर्ष 2020-21 के दौरान निम्नलिखित मदों से राशि प्राप्त हुई है :-

| **Sr. No** | **Particulars** | **Amount** |
|---|---|---|
| 1. | Cost of F.A. & H.N. | 92763.00 |
| 2. | F.A. Basic Training for Driving License | 1234500.00 |
| 3. | Life membership | 1000.00 |

2. सैंट जॉहन एम्बुलैंस एसोसिएशन, फतेहाबाद द्वारा 1 अप्रैल, 2020 से 31 अगस्त, 2020 तक कार्यालय जिला रैडक्रास सोसाईटी, फतेहाबाद में कुल 32 विद्यार्थियों को प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्रदान करवाया गया है।

3. इस संस्था द्वारा ड्राईविंग लाईसैंस हेतू प्राथमिक सहायता का बेसिक प्रशिक्षण प्रदान करवाया जाता है। दिनांक 01.04.2020 से 31.08.2020 तक कुल 5700 प्रशिक्षार्थियों को प्राथमिक सहायता का बेसिक प्रशिक्षण प्रदान करवाया गया है।

## हॉस्पीटल वैल्फेयर सैक्शन :-

1. 15 अगस्त, 2020 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नागरिक हस्पताल, फतेहाबाद में दाखिल मरीजों को फल एवं बिस्कुट वितरित किए गए।

## परिवार कल्याण केन्द्र :–

जिला रैडक्रास सोसाईटी, फतेहाबाद द्वारा परिवार कल्याण परामर्श केन्द्र नागरिक हस्पताल, टोहाना में चलाया जा रहा है जिसमें दो स्टाफ नर्स कार्यरत हैं जो नागरिक हस्पताल टोहाना की देख–रेख में कार्य कर रहे हैं जिसकी माह 1 अप्रैल, 2020 से 31 अगस्त, 2020 तक की विस्तृत रिपोर्ट निम्न प्रकार से है :–





INDIAN RED CROSS SOCIETY DISTRICT RED CROSS BRANCH........

Progress report of family wellfare......C.H. Tohana......

From April 2020 To August 2020

| Sr. No. | Service | Achievement |
|---|---|---|
| 1. | Sterilization | 36 Tub |
| 2 | IUD | 47 Copper-T |
| 3 | C.C.User | 22090 |
| 4 | Oral Polls cycles distributed | 492 |
| 5 | ANC Registered | 1157 |
| 6 | Total No. of Deliveries | 286 |
| 7 | Domiciliary Deliveries Conducted | 286 |
| 8 | BCG | 886 |
| 9 | Penta – I & Polio – I | 168 |
| 10 | Penta – II & Polio – II | 133 |
| 11 | Penta – III & Polio – III | 154 |
| 12 | Measles I & II | 184 Ist 135 IInd |
| 13 | DPT Booster & DPT 5yrs | 135 DPT B. 112 DPT 5Y |
| 13 | T.T Mother | 214 Ist 126 IInd |
| 14 | T.T. 10 Yrs. & 16 Yrs. | 57 TD 10 years 14 TD 10 years |
| 15 | IFA tablets distributed | 8740 IFA tab 5370 Calcium tab 3830 Folic acid |
| 16 | Hep-B Zero | 788 |
| 17 | Rota – I, II & III | 168 |
| 18 | IPV – I, II, III | 133 |
| 19 | PCV – I, II, III | 154 |
| 20 | Inj Antara | 44. |

Krishana Devi
Sudesh ANM

Senior Medical Officer
C.H. Tohana

# TARGETED INTERVENTIONS PROJECT, FATEHABAD (T.I. Project)

Targeted Interventions Project (T.I.) **की 1 अप्रैल, 2020 से 31 अगस्त, 2020 तक की प्रगति रिपोर्ट** :–

1.जिला फतेहाबाद मे कोरोना महामारी/कोविड–19 से बचाव हेतु सावधानियां बरतने बारे शहर व गांव मे जाकर जागरूकता फैलाई तथा इस बारे पम्फलैटस बांटे गए।

2. टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबाद ने कोरोना महामारी के समय मे जरूरतमंदो को मास्क उपलब्ध करवाए।

3.जिला फतेहाबाद के विभिन्न गांव व स्लॅम ऐरिया मे जाकर टी0 आई0 स्टाफ ने जिला रैडक्रास सोसाईटी के सहयोग से पेरासेटामोल टेबलेट उपलब्ध करवाई।

4.टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबाद ने लोगो को सौशल डिस्टेंसिंग के बारे मे जागरूक किया।

5.टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबाद ने नशा मुक्ति पखवाडा के तहत 15 दिन लगातार आमजन के बीच जाकर नशा को रोकने, नशा न करने के लिए लोगो को जागरूक किया जिसमे पुलिस विभाग, स्वास्थय विभाग, महिला एंव बाल विकास विभाग, जिला लोक सम्पर्क विभाग व सामाजिक संस्थाओं से मिलकर नशा को रोकने हेतु जागरूकता कैम्प/अभियान चलाएं।

6.टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबाद ने कोरोना महामारी के समय मे जरूरतमंदो को सैनिटाईजर उपलब्ध करवाए।

7.टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबाद रक्त दान शिविरों बारे जागरूकता व सहयोग उपलब्ध करवाया।

8.टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबाद ने जिला रैडक्रास सोसाईटी के अंतर्गत समय–समय पर लाईसेंस के लिए पहुंच रहे विभिन्न लोगों को नशा को रोकने बारे जागरूक किया गया।

9.टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबाद ने पौधा रोपण अभियान के तहत विभिन्न जगहों पर पौधा रोपण किया।

10.टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबादन ने एच0आई0वी0 एडस महामारी को रोकने के लिए आमजन को जागरूक किया व महामारी का रोकने बारे अभियान चलाए।

11.टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबाद ने जिला रैडक्रास सोसायटी के सहयोग से कोरोना महामारी के समय मे जरूरतमंदो को खाने–पीने की वस्तुएं व बिस्कुट आदि बांटे।

12. टी0 आई0 स्टाफ फतेहाबाद द्वारा (FSW & IDU) को मास्क, सैनेटाईर व सूखा राशन उपलब्ध करवाए गए।










सचिव

जिला रैडक्रास सोसाईटी,
फतेहाबाद।